हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

21 मार्च, 1980

खण्ड 1, अंक 17

अधिकृत विवरण

विशय सूची

शुक्रवार, 21 मार्च, 1980

		पृश्ठ संख्या
	तारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(17)1
	नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	(17)21
	अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(17)24
	अध्यक्ष द्वारा रूलिंग –	
	सदन में धरनपा देने संबंधी	(17)27
	सर्वश्री गंगा राम तथा संत कंवर को रेप्रिमांड करने संबंधि प्रस्ताव	(17)32
	वाक आउट	(17)36
	सर्व श्री गंगा राम तथा संत श्री कंवर को रेप्रिमांड करने संबंधी प्रस्ताव (पुनरारम्भ)	(17)36
	वाक आउट	(17)37
	रूल 104 का निलम्बन और सर्वश्री गंगा राम तथा संत कंवर का निलम्बन	(17)37
	ब्रीच आफ प्रिविलेज का नोटिस वापिस लेना	(17)39

	ध्यानाकर्शण सूचना –	
(i)	वकीलों द्वारा अदालतों का बहिष्कार करने संबंधी	(17)39
(ii)	डालमिया सीमेंट फैक्टरी, चरखी दादरी को बन्द करने संबंधी	(17)41
	बैठक का निलम्बन	(17)41
	ध्यानाकर्शण सूचना –	
	राज्य में चारे की कमी संबंधी	(17)45
	वक्तव्य –	
(i)	परिवहन मंत्री द्वारा अन्धे व्यक्तियों की रोजगार तथा शिक्षा में विशेश सुविधाएं देने संबंधी	(17)46
(ii)	मुख्यमंत्री द्वारा रावी नदी पर थीन बांध के निर्माण संबंधी	(17)48
	वाक आउट	(17)50
	मुख्यमंत्री द्वारा वक्तव्य (पुनरारम्भ)	(17)51
	नियम 15 के अधीन प्रस्ताव	(17)53
	कमेटी आन गवर्नमैंट अश्योरैसिज की 11 वीं रिपोर्ट पेश करना	(17)53
	सदन की मेज पर रखे गये कागज पत्र	(17)53

	बिल्ज –	
	दि हरियाणा म्यूनिसिपल (अमैंडमैंट) बिल, 1980	(17)53
	दि पंजाब ग्राम पंचायत (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1980	(17)54
	दि पंजाब एग्रीकल्चरल प्रोडयूस मार्किटस (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1980	(17)55
	दि पंजाब कोआप्रेटिव लैंड डिवैल्पमैंट बैंकस (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1980	(17)56
	दि पंजाब खादी एंड विलेज इडस्ट्रीज बोर्ड (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1980	(17)58
	दि हरियाणा लैजिस्लेटिव असैम्बली (अलाऊंसिज एण्ड पैन्शन आफ मैम्बर्ज) थर्ड अमैंडमैंट बिल, 1980	(17)59
	दि हरियाणा लैजिस्लेटिव असैम्बली (फैसिलिटीज टू मैम्बर्ज) थर्ड अमैंडमैंट बिल, 1980	(17)60
	दि हरियाणा लैजिस्लेटिव असैम्बली स्पीकर्ज एंड डिप्टी स्पीकर्ज सेलरीज एंड अलाऊंसिज (अमैंडमैंट) बिल, 1980	(17)61
	नियम 16 के अधीन प्रस्ताव	(17)62

हरियाणा विधान सभा

शुक्रवार, 21 मार्च, 1980

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर 1, चण्डीगढ़ में 9.00 बजे हुई। अध्यक्ष (कर्नल राव राम सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

श्री अध्यक्ष: साहेबार, अब सवाल होंगे।

Complaint regarding embezzlement in the Haryana Apex Handloom Society, Panipat

***1660. Sh. Mool Chand Jain**: Will the Minister for Cooperation be pleased to state –

(a) whether any complaint regarding embezzlement in the Haryana Apex Handloom Society, Panipat was received during the month of September, 1978; if so, action taken thereon;

(b) whether the Government has ordered special audit of the aforesaid Society; if so, the result thereof and action taken thereon;

(c) whether any inquiry has been conducted into the conduct of the member of the said Scoiety; if so, the name of the Inquiry Officer; and

(d) whether any inquiry report has been received; if so, the copy of the same be laid on the Table of the House togetherwith the action; if any, taken thereon?

सहकारिता तथा योजना मंत्री (ठाकुर बीर सिंह):

(क) हां। समिति का विशेश आडिट विभाग द्वारा करवाया गया तथा जांच भी करवाई गई। फलस्वरूप सोसाईटी की कमेटी को हटा दिया गया।

(ख) हां। आडिट रिपोर्ट में बताई गई अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए पंजाब सहकारी समितियां अधिनियम 1961 की धारा 54(1) के अधीन समिति के सदस्यों के कन्डक्ट की जांच करने के लिये आदेश जारी कर दिये थे।

(ग) हां। जैसा कि ऊपर (ख) में बताया जा चुका है जांच के आदेश जारी कर दिये थे तथा श्री जय सिंह वर्मा उप–रजिस्ट्रार को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था।

(घ) हां। जांच रिपोर्ट निरीक्षणाधीन है किन्तु इस जांच रिपोर्ट की प्रति सदन के पटल पर इस समय रखना लोक हित में नहीं होगा।

श्री मूल चन्द जैन: क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि यह इन्कवायरी आफिसर कब अप्वांयट हुआ और उसकी रिपोर्ट कब सरकार के पास आई?

ठाकुर बीर सिंह: स्पीकर साहब, 1.1.1978 से लेकर 31.1.1978 तक इस सोसायटी का आडिट होता रहा और उसकी रिपोर्ट 17.10.1978 को हमारे पास आयी और 20.1.79 को यह कमेटी तोड़ दी गई।

डा. मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने अपने जवाब के पार्ट 'बी' में कहा हैकि 'हां'। आडिट रिपोर्ट में बतायी गयी अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए पंजाबी सहकारी समितियां अधिनियम 1961 की धारा 54 (1) के अधीन समिति के सदस्यों के कन्डक्ट की जांच करने के लिये आदेश जारी कर दिये थे। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या–क्या अनियमितताएं उस रिपोर्ट में थीं, और इन्होंने साथ में जो यह कहा कि रिपोर्ट की प्रति सदन के पटल पर रखना पब्लिक इंट्रैस्ट में नहीं है, इसमें ऐसी कौन सी बात है?

ठाकुर बीर सिंह: स्पीकर साहब, मैं मोटे तौर पर पढ़ कर सुना देता हूं क्योंकि सारा पढ़ने में काफी समय लगेगा। बड़ी रकम जो है वह ज्यादातर परचेज से सम्बन्धित है। मेरठ से 74347 रूपये का कपड़ा खरीदा गया। वह कपड़ा इस किस्म का था, जो पहले ही मार्किट में अवेलेबल था। उसमें से केवल पांच हजार रू. का कपड़ा बिका और बाकी का सारा स्टाक में पड़ा रहा। उस वक्त परचेज करने के लिये एक सब–कमेटी बनाई गई थी और इस सारा काम रूल्ज के अगेन्सट हुआ था जिसकी वजह से आने–जाने के लिये काफी रकम, भत्ते के तौर पर दी गई। इस प्रकार की अनियमितताएं होती रही हैं।

श्री सुरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, क्या मंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगे कि जो इंकवायरी रिपोर्ट है, वह कितने दिनों से पैडिंग है, उस रिपोर्ट के मिलने के बाद सरकार ने उस पर क्या ऐक्शन लिया है और इस सोसायटी के चेयरमैन कौन थे?

श्री शमशेर सिंह: स्पीकर साहब, इसके साथ साथ यह भी बता दें कि उन चेयरमैन को किस ने अप्वायंट किया था?

ठाकुर बीर सिंह: स्पीकर साहब, उसके चेयरमैन का नाम था श्री प्रीतम सिंह। उनको चौ. देवीलाल जी के टाइम पर अप्वांयट किया गया था। उनका कोई कसू नहीं था। उन्होंने तो खुद दरखास्त लिखकर दी थी कि इसमें काफी अनियमितताएं हुई हैं, इसकी जांच करवाई जाए यह इंक्वायरी उनकी रिपोर्ट पर ही करवायी गई है।

Mr. Speaker: It has been stated that the person appointed as Chairman is not be blamed.

श्री फतेह चन्द विंज: स्पीकर साहब, मैं मुख्य मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं .....

Mr. Speaker: The question is being answered by the Minister. He is answering very well.

श्री फतेह चन्द विज: स्पीकर साहब, मैंने इसलिये मुख्यमंत्री कहा है कि इनको जाति तौर पर इस बारे में ज्ञान है। जब चेयरमैन की दरखास्त इनके पास आइ उस समय चौ. भजन

लाल जी कोआप्रेशन मंत्री थे और तब से 5–10 लाख रूपये का इस सोसायटी में नुक्सान चला आ रहा है, क्या सरकार इसकी इंक्ववायरी करवाने का विचार रखती है?

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, प्रीतम सिंह जो हैं, ये बल्लभगढ़ के रहने वाले हैं और इनको चौ. देवी लाल जी ने अप्वांयट किय था। इस बारे में अगर किसी महानुभाव की शिकायत मेरे पास आएगी और किसी ने कोई घोटाला किया होगा तो सरकार जरूर उसके खिलाफ एक्शन लेगी।

श्री अध्यक्ष: साहेबार, जहां तक मैं समझता हूं यहां पर कोई गबन की बात नहीं हो रही है। यहां तो केवल एक व्यक्ति की बात है।

ठाकुर बीर सिंह: स्पीकर साहब, मैं हाउस को यह बता देना चाहता हूं कि यहां पर प्रीतम सिंह का नाम लेकर कहा गया कि 5–10 लाख रूपये का गबन है। जो इंक्वायरी हमने करवायी है, उसके अनुसार हमें एक पैसा भी प्रीतम सिंह जी से सम्बन्धित नही मिला है, जिसका उन्होंने दुरूपयोग किया हो या उन्होंने ऐक्सैस लिया ही बल्कि 12.9.78 को श्री प्रीतम सिंह जी ने सरकार के एक पत्र लिखा जो मैं आपको पढ़कर सुना देता हूं। वह पत्र उन्होंने सहकारिता मंत्री, हरियाणा, चण्डीगढ़ को लिखा है। ''सेवा में निवेदन है कि मैंने 16.8.78 को हरियाणा एपेक्स हैन्ड लूम सोसायटी, पानीपत के चेयरमैन का पद सम्भाला है। पद सम्भालने के बाद, देखभाल करने पर मुझे ऐसा

मालूम हुआ है कि इस संस्था में बड़े स्तर पर और काफी रकम का गबन और हेराफेरी हुई है, जिसकी रकम लाखों में बनती है और हर स्फीयर में ढेर सी गल्तियां पाई गई हैं और सभी एक्टस में रूल्ज वगैरह की अवहेलना की हुई है। इसलिये मेरा सुझाव है कि इस संस्था के बारे में किसी उच्च अधिकारी से इंक्वायरी करवाई जाए और इस पैसे की रिकवरी करवाई जाए और इस सोसायटी को तोड़ दिया जाए''। यह उनकी खुद की सुजैशंज हैं, और उन्हीं के लिखने पर सरकार ने यह इंक्वायरी करवाई है। इससे साफ जाहिर होता है कि उनका इस पैसे से बिल्कुल भी कोई सम्बन्ध नहीं है।

श्री देवी दास: स्पीकर साहब, मैं यह जानना चाहता हूं कि जब हरियाणा के अन्दर और विशेशकर पानीपत के अन्दर छोटी–छोटी यूनिटस हैं तो फिर इनको छोड़कर यू.पी. के कपड़ा क्यों खरीदा गया? यह सब कुछ रूल्ज की उल्लंघना करने किया गया, जिसके कारण जो बड़े अधिकारी थे, उनको काफी रकम भत्ते के तौर पर दी गई। मैं आजकल उस बाडी का चैयरमैन हूं। मैंने आजतक 6 महीनों में केवल 135 रूपये टी.ए., डी.ए. लिया है। यह सारी जिम्मेवारी खरीदने वाले अधिकारियों की बनती है, इसमें लाखों का गबन है, क्या सरकार इसकी इन्कवायरी करवाने का विचार रखती है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, यह दरूस्त है कि श्री देवी दास जी आजकल इसके चैयरमैन है। पहले श्री प्रीतम सिंह जी हुआ करते थे जिनको चौ. देवी लाल जी ने अप्वायंट किया था। जैसे इन्होंने अभी कहा है कि सरकार को यू.पी. की

बजाए पानीपत की छोटी–छोटी यूनिटस से माल लेना चाहिए था। ये चेयरमैन है मैं इनको कहूंगा कि अब ये उदारता दिखाएं और इस तरीके में सुधार लाएं। डा. मंगल सैन जी ने इनको अप्वायंट करवाया था और हमारी उदारता है कि हमने इन्हें अभी भी चेयरमैन रखा हुआ है क्योंकि ये अच्छे आदमी हैं।

श्री मूल चन्द जैन: मन्त्री महोदय ने बताया है कि इस सोसाइटी के पहले चेयरमैन चौ. प्रीमत सिंह थे और अब हमारे माननीय साथी श्री देवी दास जी हैं। तो मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या वे यह भी बताएंगे कि इसके और मैम्बर कौन कौन थे?

ठाकुर बीर सिंह: जब यह सोसायटी तोड़ी गई थी उस वक्त इसके 11 सदस्य थे जिनके नाम इस प्रकार हैं:

1. Sh. Parkash Chand Bajaj, Bajaj Handloom Production-cum-scale Industrial Society Ltd., Panipat.

2. Sh. Mangal Dass Bhambri, Textile Cooperative Industrial Society Ltd., Panipat.

3. Sh. Chaman Lal Mehrana, Mehrana Texlike Cooperative Industrial Society Ltd, Panipat.

4. Sh. Suraj Bhan Jina, Indian Weavers Production Cooperative Industrial Society Ltd. Hansi.

5. Sh. Rameshwar Dayal S/o Sh. Brahma Nand, Durga, Handloom Cooperative Industrial Society Ltd. Panipat.

6. Sh. Rai Chand Jain, Adarsh Weavers Production Coop. Industrial Society Ltd. Sadar Bazar, Hansi.

7. Sh. Ashok Kumar S/o Sh. Charan Dass Mehta, Handloom Cooperative Industrial Society Ltd., Hansi.

8. Deputy Register (Industrial), Cooperative Societies Haryana, Chandigarh.

9. Sh. Jodha Ram, Prop. Himachal Handloom, Panipat.

10. Sh. Hai Chand, Ashoka Handloom Cooperative Industrial Society Ltd, Panipat.

11. Sh. Pritam Singh, Village & Post office Sihi, Tehsil Ballabhgarh Chairman of the Society.

श्री अध्यक्ष: वैसे श्री देवी दास ने बहुत अच्छा सवाल पूछा था लेकिन उसका तसल्ली वख्श जवाब नहीं आया है। उन्होंने पूछा था कि जब हरियाणा के अन्दर छोटी छोटी इतनी यूनिटस हैं तो यू.पी. के कपड़ा क्यों खरीदा जाता है, यह प्रैक्टिस बन्द होगी यह नहीं?

ठाकुर बीर सिंह: स्पीकर साहब, हमारी प्रैक्टिस ऐसी नहीं है। जैसे मैंने बताया कि इसको इर–रैगुलैरिटी कह लीजिए, उसकी वजह से वह माल खरीदा गया था। वह माल पड़ा हुआ है जिसने वह माल खरीदा था उसके खिलाफ कार्यवाही हो रही है। हमारी कोशिश तो यही रहती है कि जो हमारी सोसायटीज हैं हम उनसे ही माल खरीदें। इसलिये हमारे रूल्ज में ऐसी

कोई बात नहीं है कि हम बाहर से माल खरीदें। जो माल पहले खरीदा गया वह गैर–कानूनी खरीदा गया।

चौ. राजेन्द्र सिंह: जैसे अभी हमारी माननीय सदस्य श्री फतेह चन्द विज और श्री देवी दास जी ने सूचना दी है कि इस सोसायटी के अन्दर लाखों रूपये की एम्बैजलमैंट हुई है। जो इस वक्त चेयरमैन हैं उनका यह भी कहना है कि इनसे पहले वाले सभी चैयरमैनों के टाइम में घपले–बाजी हुई है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या इस सीरियस मामले को विजीलैंस को सौंप कर जल्द से जल्द दोशी आदमी को सजा दी जाएगी?

ठाकुर बीर सिंह: जैसे मैंने अर्ज किया कि 9/78 में दर्खास्त आई थी और उस पर हमने कार्यवाही शुरू की। हमने सबसे पहले स्पैशल आडिट करवाया, फिर इन्कवायरी करवाई। सैक्शन 54 की क्लाज 1 के तहत इंडिविजुअल लाइएबलिटी फिक्स नहीं की थी, उसके लिये आगे कार्यवाही चल रही है।

I.A.S. & H.C.S. Coaching Centre for Harijan Candidates

***1588. Ch. Ram Lal Wadhwa**: Will the Chief Minister be pleased to state –

a) whether there is any proposal under consideration of the Government to start a Coaching Centre for Harijan candidates for the I.A.S. & H.C.S. examinations in the State; if so, the name of place where it is likely to be started; and

b) whether there is any proposal under consideration of the Governmnet to give stipend and Hostel facilities to the candidates referred to in part (a) above; if so, the details thereof?

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल):

(क) आई.ए.एस. परीक्षा के लिए कोचिंग केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। फिर भी राज्य सरकार प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए, जिसमें एच.सी.एस. भी सम्मिलित हैं एक पूर्व परीक्षा कोचिंग केन्द्र कुरूक्षेत्र में खोलने बारे भारत सरकार से मामला टेक–अप करने का विचार कर रही है।

(ख) छात्रवृत्ति आदि प्रदान करने का विवरण (ब्यौरा) भारत सरकार से उचित स्तर पर तय किया जाएगा।

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने जवाब दे दिया कि अभी विचार हो रहा है। मैं यह जानना चाहता हूं कि यह विचार कब तक मुकम्मल हो जाएगा और भारत सरकार के साथ ये कब बात करेंगे?

Mr. Speaker: I think, it is very difficult to give a specific date for these things. I do not think, it is a fair question.

चौ. भाग लाल: अध्यक्ष महोदय, अभी मुख्यमंत्री जी ने जवाब में कहा कि सैंट्रल गवर्नमेंट से बातचीत चल रही है। इन्होंने इसके बारे में जो केन्द्र को केस भेजा था क्या उसका कोई जवाब इनको मिला है?

चौ. भजन लाल: यह मामला केन्द्र के साथ टेक–अप किया हुआ है। भारत सरकार के साथ हम जल्द बात करेंगे कि यह केन्द्र हरियाणा में खोला जाए।

चौ. भाग लाल: अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्यमंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या यह बात उनकी नालेज में है कि गांवों में कालेज न होने की वजह से जो हरिजन लड़के और लड़कियां शहरों में जाते हैं, उनको रहने की बड़ी दिक्कत होती है। तो क्या सरकार हर डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर छात्रावास खोलेगी?

चौ. भजन लाल: यह आई.ए.एस. और एच.सी.एस. कोचिंग सैंटर्ज के बारे में सवाल है। जो दूसरे ट्रेनिंग सैन्टर हैं, वे हमारे तीन जगह चल रहे हैं। अम्बाला में, रोहतक में और भिवानी में। उनमें असिसटैंट तक की ट्रेनिंग दी जाती है।

चौ. रिजक राम: मैं मुख्यमंत्री जी से जानना चाहता हूं कि अगर कोई प्राइवेट कालेज हरिजनों, बैकवर्ड क्लासिज और दूसरे गरीब लड़को के लिए बिल्डिंग बना कर तथा और सुविधाएं देकर ऐसे सैंटर खोलना चाहे तो क्या सरकार उसको फाइनेशियल एंड देगी?

चौ. भजन लाल: ये जोनल केन्द्र होते हैं। इस किस्म का एक केन्द्र पटियाला में है और सारे देश के अन्दर ऐसे 7 केन्द्र हैं। हमने भारत सरकार को कहा है कि हरियाणा में भी ऐसा केन्द्र खोला जाए।

श्री लहरी सिंह मेहरा: अध्यक्ष महोदय, जैसे चौ. रिजक राम जी ने पूछा कि अगर कोई समाज की सोसायटी अपनी बिल्डिंग बना कर दे दे ...

श्री अध्यक्ष: इसका जवाब आ चुका है।

चौ. पीर चन्द: क्या मुख्यमंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि एच.सी.एस. के अन्दर आज से दस साल पहले हरिजन लड़कों को 33 प्रतिशत नम्बर ले कर पास किया जाता था लेकिन अब यह परसेंटेज दूसरी श्रेणियों के साथ मिला दी गई है। तो क्या इसको फिर से 33 प्रतिशत किया जाएगा ताकि हरिजन लड़कों को भी एच.सी.एस. में रिप्रजैंटेशन मिल सके?

श्री अध्यक्ष: इसका मेन सवाल से कोई संबंध नहीं है।

चौ. संत कंवर: अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्यमंत्री जी से जानाना चाहता हूं कि यह जो केन्द्र को सिफारिश भेजी गई है, यह केवल हरिजन उम्मीदवारों के लिए ही भेजी गई है यह इसमें बैकवर्ड और गरीब लोगों को भी शामिल किया जाएगा?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय यह सिफारिश हमने हरिजनों के लिए लिख करके भेजी है।

श्री सुरेन्द्र सिंह: अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मुख्यमंत्री जी ने बताया कि हमारी प्रोपोजल केवल हरिजनों के बारे में है। मैं मुख्यमंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या बैकवर्ड या दूसरी कम्यूनिटीज को भी एच.सी.एस. और आई.ए.एस. के लिए

ट्रेनिंग देने के लिए प्रपोज कर रहे हैं और क्या उनको स्टाईपैंड देकर सैंटर खोले जाएंगे?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, जब ये केन्द्र खुलेंगे तो बैकवर्ड क्लासिज या जिनकी हालत खस्ता है उनके बारे भी विचार किया जाएगा।

श्री कन्हैया लाल पोसवाल: स्पीकर साहब, क्या मुख्यमंत्री जी की नालेज में यह बात है कि हरियाणा गवर्नमैंट की पहले एक प्रोपोजल थी कि चूंकि हरियाणा एजूकेशन के लिहाज से मोस्टली बैकवर्ड है। इसलिए गवर्नमैंट एक कोचिंग सैंटर तमाम नौजवानों के लिए खोले और उसमें प्रैफैन्स बैकवर्ड और हरिजनों को ज्यादा दी जाए, क्या ऐसी कोई प्रोपोजल सरकार के विचारधीन है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, पोसवाल साहब ने बहुत अच्छा विचार रखा है, इस पर सरकार विचार करेगी अगर फिजिबिल्टी होगी तो खोलने की कोशिश की जाएगी।

श्री बीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गवर्नमैंट आफ इंडिया से मामला टेक–अप किया जा रहा है। यह सैंटर खोलने में गवर्नमैंट आफ इंडिया की सैंकशन की क्या आवश्यकता है? दूसरे एच.सी.एस. का जहां तक ताल्लुक है, उनके लिए तो हम खुद ही सैंटर खोल सकते हैं। तीसरे जैसे चौ. रिजक राम जी ने सवाल पूछा कि अगर कोई प्राईवेट कालेज अपनी बिल्डिंग बनाकर तथा दूसरी सारी सहूलियत देकर

ऐसा सैंटर चलाना चाहे तो उसको ग्रांट देने में सरकार को क्या आपत्ति है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, इसका सारा खर्चा भारत सरकार देती है इसलिए भारत सरकार से पूछने की आवश्यकता है। प्रान्तीय सरकार इस पर विचार करेगी अगर हो सकता तो प्रान्त में इस किस्म के सैंटर्ज अपने खर्चे पर खोलने की कोशिश करेगी।

श्री शमशेर सिंह: स्पीकर साहब, जैंसे मुख्यमंत्री जी ने कुरूक्षेत्र के लिए बताया कि उन्होंने भारत सरकार को लिखा हुआ है, वह तो अलग मामला है। मैं मुख्य मंत्री जी से जानाना चाहता हूं कि क्या सरकार अपने स्तार पर कोई गाइडैंस सैंटर या कंस्लटेशन सैंटर, अपने आफिसरों को लगा कर खोलेगी?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, इस पर भी विचार किया जाएगा।

डा. मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने अभी फरमाया कि यह मामला केन्द्रीय सरकार से टेक–अप किया जाएगा और उधर फरमा रहे हैं कि हम उनसे खतोखिताब कर रहे हैं, तो इन दोनों में से कौन सा जवाब सही है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, मैंने ठीक कहा है कि हम मामला भारत सरकार के टेक–अप कर रहे हैं। हमने भारत सरकार को लिखा है और आगे भी लिखेंगे तथा बातचीत भी करेंगे कि मंजूरी जल्दी दी जाए।

Dr. Mangal Sein: I want a categorical answer from the Chief Minister.

Mr. Speaker: As I understand, what the Chief Minister has said is के मामला केन्द्रीय सरकार से टेक–अप किया जा रहा है और कोर्सपौंडैंस जारी है।

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, हमने भारत सरकार को लिखा भी है ओर हम मामला टेक–अप कर रहे हैं कि वह हमें मन्जूरी जल्दी दे।

डा. मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, क्या मुख्यमंत्री जी तारीख बताने की कृपा करेंगे कि यह मामला कौन सी तारीख को टेक–अप किया गया था?

(इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया)

चौ. रिजक राम: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने पोसवाल साहब और चौ. बीरेन्द्र सिंह के सवाल के जवाब में फरमाया कि विचार करेंगे। मैं मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या ये कोई अन्दाजा बता सकते है कि कब तक इसके बारे में फैसला कर देंगे?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, डेट तो कोई निश्चित नहीं की जा सकती लेकिन हम कोशिश करेंगे कि जल्दी ही इस पर विचार करके फैसला लिया जाए।

श्री अध्यक्ष: मैं भी अपनी तरफ से यह जरूर कहूंगा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण मामला है। जैसे पंजाब में दशमेश

अकाडमी शुरू करने जा रहे हैं, जो शायद एक्स सर्विसमैन के लिए है। लेकिन हरियाणा का रिप्रेजैन्टेशन सैंट्रल सर्विसिज में ड्राप हो रहा है, खास कर आर्मी के अन्दर इसलिए मैं समझता हूं कि यह बहुत जरूरी मामला है और मैं सरकार से सिफारिश करता हूं कि इस पर जल्दी से जल्दी कार्यवाही करें।

J.B.T. Home Scienced

***1671. Sh. Hira Nand Arya**: Will the Chief Minister be pleased to state the total number of private recognised J.B.T. Home Science, Arts & Crafts Traning Centres in the State?

मुख्यमंत्री संसदीय सचिव (श्रीमती शान्ति देवी): जे.बी. टी. होम साईस जैसा कोई विशय नहीं है जोकि गैर–सरकारी संस्थाओ में पढ़ाया जा रहा हो। परन्तु 59 गैर–सरकारी ऐसे संस्थान हैं जिन्हें सत्र 1978–80 के लिए जे.बी.टी. होम क्रफट तथा आर्टस एण्ड क्राफटस टीचर ट्रेनिंग कोर्स चलाने के लिए मान्यता दी गई तथा 65 ऐसे संस्थाओं को सत्र 1979–81 के लिये इस विशय में मान्यता दी गई।

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, सी.पी.एस. महोदया ने बताया कि पिछले साल 59 और इस साल 65 केन्द्र खोल दिए गए हैं। क्या इनके नोटिस में यह बात है कि ये संस्थाएं क्रपशन के अड्डे बन चुकी है? क्या इसके पास ऐसी कोई शिकायत आई है अगर आई है तो क्या एक्शन लिया?

श्रीमती शांति देवी: अध्यक्ष महोदय, जिस समय आर्य साहब स्वयं शिक्षा मंत्री थे, तो मैंने भी इनसे यही प्रश्न किया था कि शिक्षा विभाग का इसमें कोई दायित्व नहीं है क्योंकि यह उद्योग विभाग की ट्रेनिंग है .....

श्री अध्यक्ष: इतना मैं जरूर कहूंगा कि जब मैं शिक्षा मंत्री था, मैं मानता हूं कि उस वक्त भी इस संस्थाओं में इतने ही घपले चल रहे थे।

श्रीमती शांति देवी: अध्यक्ष महोदय, मैं मानती हूं कि इनमें अनियमितताएं हैं और जिस वक्त मैं एम.एल.ए. थी तो मैंने तीन चार बार डा. साहब के नोटिस में यह बात मौखिक रूप से लाई थी। उसके बाद मैं सी.पी.एस. बनी और मैंने लिख करके भेजा कि ये संस्थाएं भ्रश्टाचार के अड्डे हैं, इन्हें बिना देरी के बन्द कर दिया जाए। मैं डा. साहब के जवाब का इंतजार करती रही कि शायद वे कोई जवाब दैंगे। उसके बाद इस मामले को हमने बड़ी बारीकी से एग्जामिन करवाया। हमारा विभाग इनको जे.बी.टी. के बराबर भी मानने के लिए तैयार नहीं है और हमने निर्णय लिया है कि वर्तमान सत्र पूरा होने के बाद हम इनकी मान्यताओं को समाप्त कर देंगे।

आवाजें: इस कोर्स को बन्द क्यों नहीं कर दिया जाता? (शोर)

श्री अध्यक्ष: मंत्री जी ने अश्योरेंस दी हेकि कोर्स बीच में बन्द नहीं किया जा सकता, जब यह खत्म होगा तो आगे के

लिए क्लासिज शुरू नहीं की जाएंगी, कोर्स बन्द कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, इसमें दो राय नहीं कि लोगों ने वहां पर अपने अड्डे खोल रहे थे, इन संस्थाओं को अपनी दुकानदारी बना रखा है, इसलिए हमने महसूस किया कि ज्यों ही 1980–81 का कोर्स खत्म होगा, नया कोर्स शुरू नहीं करेंगे।

चौ. हर स्वरूप बूरा: स्पीकर साहब, सी.एस. साहब ने कहा कि कोर्सिज बन्द कर देंगे। मैं उनसे यह जानना चाहता हूं कि कोर्स बन्द करने की बजाय अगर रूल्ज में यह प्रोवीजन कर दिया जाए कि इन संस्थाओं की मैनेजमैंटस जो फण्ड वसूल करें, उसकी बाकायदा रसीद दें और उनके हिसाब किताब का बाकायदा आडिट हो?

चौ. भजन लाल: इसके भी कोई मायने नहीं होंगे, क्योंकि हर साल कम से कम 6 हजार लड़के ट्रेनिंग लेते हैं और सबको सर्विस दे नहीं पाते। इसका परिणाम यह हो रहा है कि बेकारी बढ़ती जा रही है। जब तक पहले वाले बच्चे नौकरी पर नहीं लग जाते तब तक आगे के लिए ट्रेनिंग नहीं दी जाएगी।

श्रीमती सुशमा स्वराज: अध्यक्ष महोदय, मुख्य संसदीय सचिव महोदया ने अपने लिखित जवाब में बताया कि 1979–80 और 1980–81 तक 65 संस्थाओं का मान्यता दी गई है। इसके साथ ही सदन में यह आश्वासन भी दिया कि 1981 के बाद इन

संस्थाओं में कोर्सिज को बन्द कर दिया जाएगा। मैं मुख्य संसदीय सचित महोदया से जानना चाहती हूं कि क्या 1980–81 के दूसरे वर्श (सैकंड ईयर) का कोर्स चलेगा?

श्रीमती शांति देवी: दूसरे वर्श का कोर्स इस स्टेज पर बन्द नहीं किया जा सकता क्योंकि एक वर्श का कोर्स कम्पलीट हो चुका है। दूसरे वर्श का कोर्स बन्द करना मुश्किल है लेकिन भविश्य के लिए बन्द कर दिया जाएगा।

श्रीमती सुशमा स्वराज: अध्यक्ष महोदय, मेरा स्पैसिफिक सवाल है .....(व्यवधान)

Mr. Speaker: She has answered that no new course is bing started.

चौ. ईश्वर सिंह: क्या मुख्य संसदीय सचिव महोदया बताएंगी कि 1980–81 के लिए जो प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं, वे कहां कहां खोले गये है?

श्री अध्यक्ष: यह सप्लीमेंटरी सवाल नहीं बनता।

चौ. उदय सिंह दलाल: स्पीकर साहब, पिछले साल के बजट सैशन में मैंने मुख्य मंत्री से सवाल पूछा था और वह रिकार्ड पर भी होगा कि बोहर में एक इस प्रकार का कालेज है, जब वहां दाखले होते हैं तो एक बच्चे के कम से कम पांच–पांच हजार रूपये खुल जाते हैं और बगैर रसीद दिए पैसा वसूल किया जाता है। बच्चे टूमें वगैरह बेच कर दाखला लेने

की कोशिश करते हैं। मैं सरकार से पूछना चाहूंगा कि क्या वह इस भ्रश्ट तरीके को बन्द करने पर विचार करेगी?

चौ. भजन लाल: मैंने बन्द करने के लिए पहले ही कह दिया है।

श्री भले राम: क्या मुख्यमंत्री महोदय बतायेंगे कि इन प्राईवेट इंस्टीच्यूशन्ज में कोई केस हुआ है, कोई घटना घटी है, अगर घटी है तो इसकी इन्क्वायरी रिपोर्ट क्या है?

श्री अध्यक्ष: यह सप्लीमैंटरी क्वैश्चन नहीं है।

श्री भले राम: स्पीकर साहब, मेरा सवाल यह है कि किसी लड़की वगैरह की कोई घटना घटी है और घटी है तो क्या फैसला हुआ है? (व्यवधान) मेरा सवाल यह है कि ..... (व्यवधान)

स्वामी आदित्यवेश: क्या मुख्य संसदीय सचिव महोदया बतायेंगी कि इन 65 संस्थाओं में आर.एस.एस. द्वारा संचालित संस्थायें कितनी हैं? (व्यवधान)

Mr. Speaker: Swami Ji, please sit down. This is not a question and I disallow it.

Steam Coal

***1601. Dr. Mangal Sein**: Will the Minister for Indsutries be pleased to state the month-wise quantity of Steam Coal received in the State during the period from 1978-79 to 1979-80 to-date together with its monthwise

quota fixed by the Union Government for the State during the same period?

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): वर्श 1978–79 तथा 1979–80 के फरवरी मास तक कोयले की गाड़ियों की मासिक प्राप्ति का विवरण अनुबन्ध 'ए' में दर्शित है, जिसे सदन के पटल पर रखा जाता है।

केन्द्रीय सरकार/रेलवे द्वारा वर्श 1978–79 तथा 1979–80 में 1400 गाड़ियों स्टीम कोल प्रति मास का कोटा निर्धारित किया गया है।

अनुबन्ध 'ए'

वर्श 1978–79 तथा 1979–80 में स्टीम कोल गाड़ियों की मासिक प्राप्ति

	वर्श 1978–79	वर्श 1979–80
अप्रैल	427	269
मई	476	242
जून	389	178

जुलाई	447	227
अगस्त	528	396
सितम्बर	439	328
अक्तूबर	419	403
नवम्बर	540	193
दिसम्बर	455	203
जनवरी	437	392
फरवरी	420	373
मार्च	393	

डा. मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने अपने जवाब में बताया कि अप्रैल, 1978 में 427 गाड़ियां और अप्रैल, 1979 में 269 गाड़ियां कोयला लेकर आई हैं। इसी तरह से जनवरी, 1980 में जब ये दल बदल कर आये .....

Mr. Speaker: I disallow this supplementary question. I would request the hon'bel Member to ask relevant questions. 'Dal Badal' has got nothing to do with this question.

डा. मंगल सैनः स्पीकर साहब, मेरा स्पैसिफिक क्वैशचन यह है कि फरवरी, 1979 में 420 गाड़ियां आई और

इसके मुकाबले में फरवरी, 1980 में सिर्फ 373 गाड़ियां आई। मैं मुख्यमंत्री जी से जानना चाहता हूं कि फरवरी, 1980 में इतनी कम गाड़ियां क्यों आई और इसका क्या कारण है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, इसमें दो राय नहीं है कि जितनी हमें जरूरत है, उतना कोयला नहीं आ रहा है। हमने भारत सरकार से मामला टेक–अप किया है। मैं दो बार रेलवे मंत्री जी को भी मिला हूं और लिखा भी है कि हमें ज्यादा वैगन्ज दिये जाएं। लेकिन वैग्न्ज कम मिलती हैं, गाड़ियों का आना जाना कम है, इसलिए कोयला कम आ रहा है। इस मामले को हमने सीरियसली लिया हुआ है और भारत सरकार से मामला टेक–अप किया हुआ है। हम इसी कोशिश में लगे हुए हैं कि कोयला ज्यादा से ज्यादा आए।

श्री अध्यक्ष: आपने अपने जवाब में लिखा है कि 1400 वैगन्ज प्रति मास फिक्स की है, इसका क्या मतलब है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, स्टेट को 2725 गाड़ियां कोयले की चाहिएं, लेकिन भारत सरकार ने 2725 के अगेस्ट 1400 गाड़ियां प्रति महीना देने का फैसला किया है। हमें 1400 गाडियां भी नहीं मिल रहीं, मुश्किल से इसका 1/4 हिस्सा मिल पाया है और इसीलिए हमने यह मामला टेक–अप किया हुआ है कि 1400 गाड़ियां देने का जो फैसला हुआ है, उसके मुताबिक तो कोयले की गाड़ियां दी जाएं।

डा. मंगल सैन: क्या मुख्य मंत्री महोदय बताएंगे कि गाड़ियां मिलते समय ही वहां पर कोटा कम हो जाता है या

कोई और बात है? क्या सरकार इस मामले में बिल्कुल फेल नहीं है? (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: इस मामले परआप सुझाव लिख कर भेज दें।

चौ. भजन लाल: महोदय, इन्होंने कहा कि सरकार फेल है। जिस समय डा. मंगल सैन उद्योग मंत्री थे उस वक्त सरकार की डिमांड 2725 गाड़ियों की थी। भारत सरकार से बातचीत करते समय 2725 गाड़ियों से से 14000 गाड़ियां मान कर यही आए थे, 2725 में से घटाकर 1400 मानना इन्हीं का काम है। हम इस फैसले को ठीक करवाना चाहते हैं और मामला भारत सरकार से टेक–अप किया हुआ है।

डा. मंगल सैन: स्पीकर साहब, हम दोनों वहां गये थे, मैं अकेला नहीं गया था, ये गल्त कह रहे हैं। (व्यवधान)

Mr. Speaker: Dr. Sahib, please sit down. You made a point. The hon. Chief Minister only replied to that.

श्री गुलजार सिंह: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने माना कि कोयले की बड़ी किल्लत है, 1400 गाड़ियों में मुश्किल से चौथा हिस्सा भी कोयला नहीं मिल रहा है। क्या मुख्यमन्त्री जी की नालेज में है कि आज हरियाणा में कोयले के लिए बड़ी बेचैनी है और जगह जगह कोयले को ब्लैक हो रही है। सरकार इस बेचैनी को दूर करने के लिए क्या–क्या उचित कदम उठायेगी?

चौ. भजन लाल: इसके लिए कदम उठाए जा रहे है। हमने फैसला किया है कि चूंकि वैगन्ज हमें कम मिलती हैं, इसलिए कोयला बाई–रोड लाया जा सकता है। कोई भी आदमी बाई–रोड कोयला ला सकता है, किसी पर कोई पाबन्दी नहीं, सरकार रिकमैंड करके भेज देती है। जो आदमी कोयला लाएगा वह किसी भी भाव पर बेच सकता है, उस पर कोई पाबन्दी नहीं है।

चौ. गंगा राम: स्पीकर साहब, स्टेट के अन्दर कोयले की ब्लैक हो रही है। मैं मुख्यमंत्री जी से जानना चाहूंगा कि ....

श्री अध्यक्ष: ब्लैक के बारे में क्या आपने लिख कर कम्पलेंट की है?

चौ. गंगा राम: मैं मुख्यमंत्री जी से जानना चाहूंगा कि सरकार कोयले की दलाली में मुंह काला क्यों कर रही है? (व्यपधान)

चौ. भजन लाल: कोयले पर कोई कंट्रोल नहीं है। माननीय सदस्य को पता ही नहीं कि कोयले पर कंट्रोल है या नहीं। अगर जानकारी न हो तो कम से कम सवाल सोच–समझ कर पूछना चाहिए। कोयले की कोई ब्लैक नहीं है। कोयला खुला मिलता है, जिस भाव पर मिल रहा है उस पर चाहे कोई ले, मर्जी न ले। कोई किसी भाव पर भी बेचे, कोई पाबन्दी नहीं है।

चौ. नारायण सिंह: स्पीकर साहब, कोयले में कोई ब्लैक नहीं है। (विघ्न) मुझे इसलिए पता है क्योंकि मेरे पड़ोस में डिपो है। गुडगांव में कोयला आम मिलता है, जो मर्जी कोयला ले ले। (शोर)

श्री अध्यक्ष: वे कह रहे हैं कि कोयले पर एक पैसे का भी ब्लैक नहीं है।

चौ. बीरेन्द्र सिंह: क्या मुख्यमंत्री जी बताएंगे कि अवेलेबल कोयले में से कितने परसैंट कोयला इंडस्ट्रीज को दिया जाता है और कितना ब्रिक किलन्ज को दिया जाता है और कितना और दूसरे कामों के लिए दिया जाता है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, ऐसा लगता है कि इन्होंने सवाल पढ़ा नहीं। यह सवाल स्टीम काल के बारे में हैं, स्लैक कोल के बारे मैं नहीं। अध्यक्ष महोदय, हमारी स्टेट में हर महीने स्लैक कोल के 40 रैक चाहिएं लेकिन 40 रैक तो आप छोड़िए, पिछले 6 महीने से एक रैक भी नहीं आया है। इसलिए हमने फैसला लिया है कि बाई रोड़ कोयला ले आएं। अगर हम यह फैसला न लेते तो स्टेट में एक गाड़ी भी कोयले की नहीं आ सकती थी और लोगों को बड़ी भारी दिक्कत होनी थी।

सरदार सुखदेव सिंह: स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत मुख्यमंत्री जी से जानना चाहूंगा कि पिछली सरकार के वक्त में मोम, कागज और स्टील आदि के कोटे में जो गड़बड़ हुई थी क्या उसकी सरकार कोई जांच करा रही है? (शोर)

श्री अध्यक्ष: इस सवाल से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। (शोर) देखिए साहेबान मेरी आपसे रिक्वैस्ट है कि क्वैश्चन आवर के समय को जाया करने की कोशिश न करें। जो मेन क्वैश्चन से सम्बन्धित सप्लीमैंटरीज होती हैं, केवल उन्हें ही पूछा करें। दूसरा मेरा निवेदन यह है कि अपना सवाल करटियस लैंगवेज में पुट करने की कोशिश करें क्योंकि अगर सरकास्टिक भाशा में सवाल पुट किया जाए तो वह शोभा नहीं देता।

सरदार सुखदेव सिंह: क्या मुख्यमंत्री जी बताएंगे कि कोयले आदि के डिस्ट्रिब्यूशन में पिछली सरकार के टाईम में जो हेरा–फेरी हुई है, उसकी यह सरकार जांच कराएगी? (व्यवधान)

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य हमारे नोटिस में कोई बात लाएं हम जरूर इंक्वायरी कराएंगे। लेकिन अफसोस इस बात का है कि जब कागज और मोम आदि के कोटे का सवाल आता है तो डा. मंगल सैन जी पता नहीं क्यों खड़े हो जाते है?

Dr. Mangal Sein: Speaker Sir, he is equally responsible if he says anything wrong.

श्री अध्यक्ष: मुझे पूरा यकीन है कि डस. साहब कागज और मोम के कोटे के बारे में नहीं बल्कि अपने सप्लीमैंटरी पूछने के लिए खड़े हुए थे। (विघ्न)

डा. मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, समगलिंग का नाम आते ही मुख्यमंत्री जी खड़े हो जाते हैं, पता नहीं क्या बात है? (विघ्न)

श्री फतेह चंद विज: अध्यक्ष महोदय, अनैक्श्चर 'ए' को देखने से पता चलता है कि 1400 गाड़ियों के कोटै के अगेन्सट किसी महीने 269 गाड़ियां आई हैं, सिकी महीने 242 गाड़ियां आई हैं और सिकी महीने 178 गाड़ियां आई हैं जबकि दूसरी स्टेटस के लोग ज्यादा पैसा देकर के ज्यादा गाड़ियां ले जाते हैं। क्या यह सरकार वहां कोई अपना अफसर बैठायेगी जो अपनी स्टेट के लोगों को ठीक ढंग से कोयला दिला सके?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, मूल प्रश्न से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है।

डा. मंगल सैन: स्पीकर साहब, आपकी हिदायत को मानते हुए में बड़े अदब से एक सवाल मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूगा। उन्होंने अभी फरमाया कि स्लैक कोल की एक महीन की अलाटमैंट हमारी 40 रैकस है लेकिन पिछले 5 महीनो से एक भी रैक नहीं आ रहा है। मै। उनसे जानना चाहूंगा कि जनवरी महीने के बाद इन्होंने इस बारे में क्या कोशिश की है क्योंकि अब तो सैन्अर में एक ऐसी गवर्नमैंट आ गई हैं जो गरीबों का दम भरती है?

चौ. भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, मैं दो बार अपने रेलवे मंत्री श्री कमलापति त्रिपाठी जी से मिला हूं। मैंने दो तीन पत्र भी उन्हें लिखें हैं, जिसमें प्रार्थना की गई है कि हरियाणा

प्रान्त के लिए वे कोयले की ज्यादा वैगन्ज दें ताकि कोयले की समस्या हल हो सके। उन्होंने विश्वास दिलाया है और लिखा भी है कि हरियाणा का खास तोर पर ध्यान रखा जाएगा। मुझे उम्मीद है कि अगले महीने कुछ न कुछ रैकस वहां से हमें मिलेंगे।

"Kallar' Ridden Land In Jhajjar Constituency.

***1702. Capt. Mange Ram** : Will the Minister for Revenue be pleased to state-

(a) the total area of land in Jhajjar constituency which 'KALLAR' ridden at present; and

(b) whether any measures have been taken to re-claim the said 'KALLAR' ridden land ; if so, the details thereof ?

Agriculture Minister (Sardar Tara Singh):

(a) The estimated kallar area in Jhajjar constituency is 642 hectares.

(b) No.

कैप्टन मांगे राम: अध्यक्ष महोदय, मेरे सवाल के पार्ट (ए) के जवाब में मंत्री महोदय ने जवाब दिया कि कल्लर जमीन 642 हैक्टेयर है। यानी 1600 एकड़ हैं लेकिन पार्ट (बी), जिसमें मैंने पूछा है कि इसको रीक्लेम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं उसके जवाब में इन्होंने कहा 'नो'। तो मैं मंत्री जी से

यह पूछना चाहता हूं कि क्या लैंड रैक्लैमेशन एंड डिवैल्पमैंट कार्पोरेशन के जरिए कोई ऐसे स्टैप्स जल्दी उठाए जाएंगे जिससे वह जमीन पैदावार के काबिल हो सके?

सरदार तारा सिंह: स्पीकर साहब, कल्लर लैंड दो किस्म की होती है। एक ऐलक्लाइन और दूसरी सैलाइन/ऐलक्लाइन लैंड तो ठीक हो जाती है लेकिन सैलाइन लैंड ठीक नहीं होती। सैलाइन लैंड के बारे में रिसर्च हो रही है कि आया ठीक हो भी सकती है या नहीं। रोहकत, जींद ओर उसके ऊपर का सारा ऐरिया तकरीबन सैलाइन लैंड का है, इसलिए मैंने यह जवाब दिया है। अभी चूंकि इसको ठीक करने का हमारे पास कोई तरीका नहीं, इसलिए मैंने कहा है कि इसको ठीक करने का अभी कोई प्रोग्राम नहीं बना है।

चौ. रिजक राम: अध्यक्ष महोदय, यह जवाब सैटिसफैक्टरी नहीं है। चौ. लाल सिंह जी इस कार्पोरेशन के चेयरमैन हैं। ये यदि इसका जवाब दे तो ज्यादा ठीक रहेगा। (विघ्न)

श्रम उपमंत्री (चौ. लाल सिंह): अध्यक्ष महोदय, मेरी आदत इस हाउस का टाईम जाया करने की नहीं है क्योंकि हमें लोगों ने यहां झगड़ा करने के लिए नहीं भेजा है। जबसे या कार्पोरेशन मेरे पास आयी है, उस वक्त से यह मुनाफे में चल रही है और मैने हरियाणा की पहले से चार गुनी जमीन ठीक करके दे दी है। आंकड़े अगर ये जानना चाहते हैं तो मेरे दफतर में आ जाएं।

श्री अध्यक्षः वे तो यह जानना चाहते है कि कल्लर जतीन क्यों ठीक नहीं हुई (विघ्न) झज्जर और रिवाड़ी की जमीन क्यों ठीक नहीं करते?

चौ. लाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, जिस भाई ने यह सवाल पूछा है उसे स्वयं यह मालूम नहीं है कि हमारे सैंटर कहां कहां चल रहे हैं। (विघ्न) उन्हें यह पता होना चाहिए कि मैं जगह जाकर के छापे मारता हूं और जमीनें ठीक करवाता हूं। (विघ्न)

श्री कन्हैया लाल पोसवालः अध्यक्ष महोदय, रोहतक रिवाड़ी और गुड़गांव एक इकट्ठी बैलट है। मिनिस्टर साहब ने अभी फरमाया कि कल्लर जमीन दो किस्म की होती है। एक किस्म की जमीन ठीक हो सकती है और दूसरी किस्म की जमीन के बारे में रिसर्च हो रही है (विघ्न) मैं मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहूंगा कि जो जमीन इम्प्रूव हो सकती है वइ इस एरिया में इम्प्रूव हुई है या नहीं हुई है?

चौ. लाल सिंहः मैंने अभी रिवाड़ी में भी सैन्टर खोला है और वहां पर ट्रैक्टर भेज दिय है।

श्री अध्यक्षः झज्जर का तो मुझे पता नहीं लेकिन रिवाड़ी के लिए मैं इतना जरूर कहूंगा कि जिपसिम के लिए मैं काफी कोशिश करता रहा हूं और यह कोशिश करते हुए एक साल हो गया लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

चौ. राम किशन: स्पीकर साहब, मैं चौ. लाल सिंह जी से पर्सनली भी मिला हूं लेकिन अभी मेरे सफीदों हल्के में जहां हजारों एकड़ जमीन कल्लर पड़ी हुई है, ठीक करने के लिए कोई प्रबन्ध नहीं किया गया है। क्या सरकार उस जमीन को ठीक करने के लिए कोई प्रबन्ध करेगी?

(इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया)

कैप्टन मांगे राम: स्पीकर साहब, मुझे पता है कि झज्जर में इनका हैड क्वार्टर है। झज्जर के आसपास 50 प्रतिशत जमीन बिल्कुल बेकार हो चुकी है। यदि सरकार ने तेजी से कदम नहीं उठाया तो और भी ज्यादा जमीन बेकार हो जायेगी। गरीब लोगों के पास एक एक एकड़ जमीन है, वह भी बेकार होती जा रही है इसलिए मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि उस कल्लर जमीन को ठीक करने के लिए क्या कुछ स्टैप्स उठाये जा रहे हैं?

सरदार तारा सिंह: स्पीकर साहब, जैसा मैंने बताया है कि झज्जर एरिया के अन्दर सलाइन लैन्ड है और उस जमीन को ठीक करने के लिए रिसर्च हो रही है, सर्वे कर रहे हैं। अगर कोई बात काबू आ गयी तो सबसे पहले इसको ठीक करेंगे। जब तक यह पता न लगे कि यह कैसे ठीक होगी तक तक वहाँ फर्टिलाइजर और जिपसम भेजने का कोई फायदा नहीं है।

कंवर विजय पाल सिंह: हरियाणा में गुड़गांव के नजदीक स्वर्गजीत सिंह फार्म है। उस फार्म की सलइन कल्लर लैन्ड थी। उस सारे कल्लर को रिमूव कर दिया है और अब वह

जमीन बिल्कुल ठीक है। उस फार्म को देखने के लिए राजस्थान से और दूसरी जगहों से लोग आ रहे हैं। इसलिए मैं सरकार से गुजारिश करूंगा कि उस फार्म के बारे में पता किया जाये कि उसने उस जमीन को किस प्रकार से ठीक किया हैं। क्या सरकार उससे सुझाव लेकर और जमीन को ठीक करने का प्रयास करेगी?

सरदार तारा सिंह: मेरे भी ध्यान में यह बात है। वे छोटे पैचिज ठीक हुए हैं लेकिन हम इतनी जमीन को ठीक करें तो बहुत पैसा लगता है। सलाइन लैन्ड में से दो फुट भी मिट्टी उठाये ंतो एक एकड़ पर दो हजार रूपये खर्चा आता है। इतने की जमीन नहीं होती है जितना खर्चा आ जाता है। नमक वाली जमीन में पानी खड़ा करके फिर उसको निकाला जाता है, एक तो पानी इतना नहीं होता दूसरे यह प्रोसैस प्रैक्टिकेबल नहीं है। इसलिए यह यूजफुल नहीं है।

श्री लहरी सिंह मेहरा: स्पीकर साहब, कल्लर जमीन को ठीक करने के लिए एक कार्पोरेशन बनायी गई है। वह जमीन को री–क्लेम करती है, लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आता कि हमारी सरकार ने अच्छी जमीन को भी कल्लर करने का ठेका क्यों ले लिया है। फैक्ट्रीज की वजह से यानी फैक्ट्रीज का जो गन्द निकलता है उससे जमीन खराब हो जाती है। क्या सरकार उन फैक्ट्रीज से उस गन्द को हटवायेगी या उन गन्द को हटाने का प्रबन्ध करेगी?

श्री अध्यक्ष: चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा था कि इस गन्द को एक साल के अन्दर अन्दर हटा दिया जायेगा।

Relief to the Farmers, Artisans and Landless Agricultural Labourers

***1638. Shri Jai Narain Verma**: Will the Minister for Revenue of be pleased to state –

(a) whether there is any proposal under consideration to the Government to give relief to the following categories of the people in the drought hit areas of the State_

(i) Farmers,

(ii) Artisans,

(iii) Landless agricultural labourers; and,

(b) if so, the details thereof ?

राजस्व मंत्री (चौ. शेर सिंह):

(ए) जी हां। सरकार ने खरीफ 1979 में सूखा से प्रभावित किसानों, कारीगरों तथा भूमिहीन कृशि मजदूरों को राहत उपलब्ध कराने के लिए पहले ही कई निर्णय लिये हुए हैं।

(बी) विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है –

विवरण

सूखाग्रस्त क्षेत्रों में किसानों, कारीगरों तथा भूमिहीन मजदूरों को राहत देने के लिए उठाए पगों का विवरण।

सूखे का मुख्य प्रभाव कृशि फसलों पर होता है जिसका किसानों पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। सरकार द्वारा फसलों को हुई हानि के अनुपात में किसान वर्ग को राहत उपलब्ध करने में प्राथमिकता दी जाती है। कारीगर तथा भूमिहीन कृशि मजदूर भी सूखा से प्रभावित होते हैं क्योंकि सूखा के कारण वे सामान्य कार्य से वंचित रह जाते हैं और उन्हें सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय वैकल्पिक रोजगार की आवश्यकता होती है।

इन बातों को ध्यान में रखते हुए खरीफ 1979 के दौरान सूखा के प्रभावित क्षेत्रों में सरकार ने निम्नलिखित राहत/सहायता प्रदान की है–

(I) सूखा से प्रभावित क्षेत्रों में सुस्थापित पैट्रन के अनुसार ग्रेडिड स्केल पर भूमि जोत कर तथा आबियाना ससपैंड किया गया और उसके लिए विशेश रिमिशन दी गई –

(क) जहां पर ''खराबा'' 50 प्रतिशत से अधिक या मुआफी पूरी दी गई।

(ख) जहां पर ''खराबा'' 25 प्रतिशत से अधिक परन्तु 50 प्रतिशत से अधिक नहीं था, 75 प्रतिशत मुआफी दी गई।

(ग) जहां पर ''खराबा'' 25 प्रतिशत या इससे कम था वहां पर कोई रिमिशन नहीं दी गई।

(II) जहां पर हानि 50 प्रतिशत से अधिक थी, तकाबी कर्जा की वसूली 6 मास के लिए निलम्बिल कर दी गई तथा सहकारी कर्जो को रिशिडयूल किया गया।

(III) सूखा से प्रभावित क्षेत्रो में चारा (भूसा) सप्लाई करने के लिए सरकार ने एक करोड़ रूप्ए बतौर तकाबी तथा 75 लाख रूपए बतौर सबसिडी के प्रदान किए। यह भूसा 20/– रूपए प्रति क्विंटल के रेट से सबसीडाइज्ड दरों पर दिया गयां सबसीडाइज्ड दरों पर भूसा खरीदने के लिए भी सरकार किसानों को तकाबी दे रही है।

(IV) फर्टीलाइजर की खरीद के लिए 3 करोड़ रूप्ए उपलब्ध किए गए जो इन काईड तकावी के रूप में दिया जाना था।

(v) कृशि विभाग द्वारा 72000 क्विंटल ''सर्टीफाइड'' गेहूं के बीच तथा 9460 क्विंटल चने के बीज सप्लाई करने की व्यवस्ाि की गई।

